No. of Printed Pages : 5

पी.जी.डी.टी.-001

अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

फरवरी, 2021

पी.जी.डी.टी.-001 : अनुवाद : सिद्धांत और प्रविधि

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

1. राष्ट्रीय एकता तथा सामासिक संस्कृति के विकास में अनुवाद की भूमिका रेखांकित कीजिए । *20*

अथवा

कोश के विभिन्न प्रकार बताते हुए अनुवाद-कर्म में उनकी उपयोगिता पर चर्चा कीजिए ।

2. अनुवाद के पुनरीक्षण, मूल्यांकन एवं समीक्षा से आप क्या समझते हैं ? विस्तार से समझाइए । *20*

अथवा

मशीनी अनुवाद से क्या अभिप्राय है ? मशीनी अनुवाद की शक्तियों एवं सीमाओं पर विस्तार से चर्चा कीजिए ।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : *2×10=20*

(क) अननुवाद्यता

(ख) कम्प्यूटर अनुवाद में शब्दकोश का प्रयोग

(ग) लोकोक्तियों एवं मुहावरों का अनुवाद

(घ) अनुवाद की प्रक्रिया

4. निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** मुहावरों/लोकोक्तियों के हिन्दी समतुल्य लिखिए : *5×2=10*

(क) To fall flat

(ख) To come back to earth

(ग) As proud as Lucifer

(घ) To fish in troubled waters

(ङ) Rich men have no faults

(च) God tempers the wind

(छ) To play with edged fores

5. निम्नलिखित शब्दों को कोशक्रम में लिखिए : *5×2=10*

(क) Recognize, rental, rise, roam, river, restore, ramp, random, realize, restroom.

(ख) स्वप्न, सत्ता, सावन, सरसों, सिवान, स्वामी, संगत, सहमति, सृजन, सृष्टा ।

6. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : *10*

(क) A summer camp is an essential part of school life. It is an event organized in the holidays and aimed at teaching various new skills to students in order to promote a learning environment and to equip them with real world skills, apart from the set academic learning. The progress of students in these camps on various activities is closely monitored by counsellors and expert teachers present there. A summer camp is not about sitting in an area bounded by four walls, instead it involves extensive learning and self development of the child.

(ख) We live on the most beautiful planet – Earth, which has very clean and attractive nature full of greenery. Nature is our best friend which provides us all the resources to live here. We should fully enjoy nature without disturbing its ecological balance. We

should respect and care for our nature and prevent it from destruction so that humankind can enjoy it till life exists on Earth.

7. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** अनुच्छेद का अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए : *10*

(क) इंटरनेट उस ताने-बाने को कहते हैं जो विश्व-भर के कम्प्यूटरों को आपस में जोड़ता है । इंटरनेट से सभी कम्प्यूटरों की जानकारी सभी को उपलब्ध हो जाती है । इस संचार तंत्र से संचार जगत में सचमुच एक क्रांति आ गई है । लोगों के सामने सूचनाओं का अंबार लग गया है । आप घर बैठे किसी भी प्रकार की जानकारी इंटरनेट के माध्यम से हासिल कर सकते हैं । एक प्रकार से यह ज्ञान का विस्फोट है । बच्चों से लेकर बड़ों तक सबके उपयोग की जानकारी इंटरनेट पर उपलब्ध है, किन्तु इसकी अनेक सीमाएँ या कहें कि बुराइयाँ भी हैं । इंटरनेट तक अत्यधिक पहुँच ने अनेक तरह की बुराइयों को जन्म दिया है, जिसे आधुनिक मानव-सभ्यता भुगत रही है ।

(ख) आदर्श नागरिक से तात्पर्य एक ऐसे देशवासी से है जिसका व्यवहार राष्ट्र के हित में हो । आदर्श नागरिक वह है जो अपने राष्ट्र के सभी नियमों व कानूनों का पूरी तरह से पालन करते हैं । पूरी तरह से कानून पालन करने का तात्पर्य है कि वह कानून को धोखा देने की कोशिश न करे । यदि कोई कानून उसकी निजी इच्छा के विरुद्ध हो, तो भी वह समाज की इच्छा का सम्मान करते हुए अपनी निजी इच्छा को रोके या फिर कानून के विरुद्ध जनमत खड़ा करके कानून में जरूरी परिवर्तन करवाए । नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य है ।